**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 15 जनवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों का लोकार्पण किया।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि युद्धपोतों भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों का नया सामर्थ्य देंगे।**
- **हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक में स्वतंत्रता सेनानी पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया और इनके नाम पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में चेयर स्थापित करने की घोषणा की।**
- **प्रयागराज में भव्य और दिव्य महाकुंभ में देश विदेश से श्रद्धालुओं का आना जारी।**
- **आज सेना दिवस मनाया गया।**
- **राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संघ ने करनाल में शहीद स्मारक पर युद्ध वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।**
- **NSS का सात दिवसीय राज्यस्तरीय शिविर पंचकूला में सम्पन्न हुआ।**

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मुंबई में नौसेना गोदी में तीन प्रमुख नौसैनिक युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने कहा -

**आज मुझे इस क्लास की छठवीं सबमैरीन बागशीर को कमीशन करने का सौभाग्य मिला है। ये नए फ्रंटियर प्लेटफॉर्म भारत की सुरक्षा और प्रगति दोनों को नया सामर्थ्य देंगे। आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, विकासवाद की भावना से काम करता है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि तीनों अग्रणी युद्धपोत भारत में बने हैं।

*********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज रोहतक के पंडित श्रीराम शर्मा पार्क के बाहर स्वतंत्रता सेनानी एवं संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य स्वर्गीय पंडित श्रीराम शर्मा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।बाद में मुख्यमंत्री ने पंडित श्रीराम शर्मा विचार मंच की ओर से आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देश निर्माण और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को याद किया।

मुख्यमंत्री ने कहा -

उन्होंने यह घोषणा भी की कि पहली अक्तूबर को श्रीराम शर्मा जयंती प्रदेश भर के विद्यालयों व महाविद्यालयों में मनाई जाएगी। वहीं, रोहतक में उनकी प्रतिमा के पास 30 फुट ऊंचा तिरंगा भी स्थापित किया जाएगा।इस मौके पर सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि रोहतक व झज्जर का क्षेत्र शहीदों और बहादुरों का क्षेत्र है। इस क्षेत्र ने देश की आजादी में अहम योगदान दिया है समारोह को पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर ने भी संबोधित किया

*********************************************************************

प्रयागराज में भव्य और दिव्य महाकुंभ दुनियांभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। देश विदेश से बड़ी गिनती में लोग महाकुंभ में पहुँच रहे हैं। इसका हिस्सा बनने के लिए 10 देशों का 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल कल त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करेगा। आज प्रयागराज इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों को हेरिटेज वॉक के माध्यम से प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत को देखने का मौका भी मिलेगा। अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल कल स्नान के बाद हेलीकॉप्टर से महाकुंभ क्षेत्र का दर्शन करेगा।

*************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल **Akashvani News Chandigarh** पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

आज पंचकूला के नागरिक अस्पताल तथा नेफ्रो प्लस डायलिसिस केंद्र ने डायलिसिस के मरीजों को हरियाणा सरकार द्वारा दी जा रही निःशुल्क डायलिसिस सेवा के बारे में जानकारी दी। वहीं अंगदान करने वाले परिवार, डायलिसिस के मरीजों के लिए करवाई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं के मरीजों तथा डॉक्टरों को "आशाएं " कार्यक्रम के तहत सम्मानित भी किया गया।सिविल सर्जन डॉ मुक्ता कुमार ने आकाशवाणी समाचार को बताया -

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना भी है।गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष सिंगला ने बताया कि निशुल्क डायलिसिस की सुविधा लोगों का जीवन बच रही है। --

मरीजों ने सरकार द्वारा निशुल्क डायलिसिस की सुविधा के लिए आभार जताते हुए कहा –

*************************************************************************

थल सेना दिवस आज देश भर में गर्व और उत्साह के साथ मनाया गया।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने इस अवसर पर सैन्य कर्मियों और पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं दी ।हरियाणा के करनाल में राष्ट्रीय पूर्व सैनिक संघ के प्रमुख राजबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में मुख्यालय शाखा के पदाधिकारियों ने कर्ण पार्क में शहीद स्मारक पर पहुंच कर भारत-ची, भारत-पाक तथा अन्य सैन्य कार्रवाइयों में शहीद हुए युद्धवीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।श्री चौहान ने कहा कि आज का दिन वीर सैनिकों की बहादुरी, त्याग एवं बलिदान को सलाम करने का दिन है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का, सेनाओं के प्रति सद्भावना, पूर्व सैनिको के लिए वन-रैंक-वन पैंशन लागू करने तथा देश के अधिक से अधिक युवाओ को रोजगार प्रदान करने हेतु शुरु की गई अग्रिवीर सैनिक भर्ती योजना के लिए आभार जताया।

*************************************************************************

राज्य स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आज सम्पन्न हो गया। पंचकूला के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 9 जनवरी से आज तक आयोजित किए गए इस शिविर में हरियाणा प्रांत से सात जिले के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंतिम दिन सेवानिवृत पुलिस महानिदेशक डॉ.आर.सी मिश्रा मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए।शिविर में अंबाला से आए डॉ सम्राट ने बताया कि जब वे इस शिविर में आए थे तो उनके मन में बहुत से प्रश्न थे। उन्होंने कहा कि शिविर के दौरान उन्हें भी बहुत कुछ सीखने को मिला।

शिविर में भाग लेने वाली एक छात्रा ने कहा –

एक अन्य छात्र ने बताया -

*************************************************************************

हरियाणा में फरीदाबाद, पानीपत और गुरुग्राम सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में आने वाले विभिन्न जिलों में आज घना कोहरा छाया रहा।कई इलाकों में दृश्यता न के बराबर थी जिससे रेल एवं सड़क यातायात काफी प्रभावित हुआ। फरीदाबाद में पारा 11 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया।हालांकि हरियाणा के कुछ हिस्सों में ठंड का प्रकोप जारी है, लेकिन चंडीगढ़ सहित हरियाणा के कुछ जिलों के निवासियों ने आज लगातार दूसरे दिन भी खिली धूप का आनंद लिया, जिससे पिछले कुछ हफ्तों से पड़ रही भीषण ठंड से उन्हें राहत मिली।